# नव घोषित जिलों को लेकर विवाद, कई जगह पर सड़कें जाम

## सुजानगढ़ में व्यापारियों ने बाजार बंद किए, जनता ने रास्ते रोके और निजी बसें भी बंद हुई

### सुजानगढ़ को जिला बनाने के इस आंदोलन की सबसे खास बात है कि इसमें किसी भी दल का नेता शामिल नहीं है, पूरा आंदोलन जनता का है



सुजानगढ़ के बोबासर पुलिया एनएच 58 मार्ग पर प्रदर्शन के दौरान उपस्थित जनसमूह।

- **सुजानगढ़ शहर के लोग समूहों में आंदोलन स्थल पहुंच रहे हैं। इसमें शहर के आम और खास सभी लोग शामिल हैं।**
- **तीन दिन से जनता ने हाइवे जाम कर रखा है और वहां ट्रकों की लम्बी कतारें लगी हुई हैं। ट्रक ड्राइवरों का कहना है कि ट्रकों में फल सब्जियां हैं जिनके सड़ने का खतरा है, इससे उन्हें भारी नुकसान हो सकता है।**
- **सुजानगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स तथा अन्य व्यापारियों ने कहा जब तक सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग पूरी नहीं हो जाती, तब तक बाजार व सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।**

**सुजानगढ़,** (निसं)। सुजानगढ़ जिले की मांग को लेकर पिछले तीन दिनों से सबसे व्यस्त रहने वाला अजमेर-किशनगढ़ मेगा हाईवे, एनएच 58 जाम है। जिले की मांग करने वाले आंदोलनकारियों ने टायर जलाकर मुख्यमंत्री गहलोत व विधायक मनोज के खिलाफ नारेबाजी करते हुए एक दर्जन से अधिक मुख्य सडकों पर टायर जलाकर जाम कर दी है।

तीन दिन से जाम होने के कारण सैंकड़ों की तादाद में ट्रक जाम में फंस गये हैं। ट्रक चालक जाम में फंसे होने के कारण परेशान है। ट्रक चालकों का कहना है कि उनके ट्रक में हरी सब्जियां, फल-फ्रूट भरे हुए है जो खराब हो जायेंगे तो उन्हें करोडों रूपये का नुकसान होगा। वहीं दूसरी और सालासर बालाजी के दर्शनों के लिये आ रहे यात्री भी जाम में फंसे हुए है। चंडीगढ़ से बालाजी के दर्शनों के लिये पहुंचे बलविन्दर सिंह ने बताया कि वे कच्चों रास्ते से होकर सालासर तो पहुंच गये। लेकिन यहां से जाने के लिये अब रास्ता नहीं होने के कारण हम लोग बेवजह परेशान हो रहे है। वहीं दूसरी और अब जनहित संघर्ष मोर्चा ने सुजानगढ़ जिले की मांग पूरी नही होनें तक सभी रास्ते अनिश्चितकाल के लिये बंद करने की चेतावनी दी है। आंदोलन कि खास बात है कि इसमें किसी भी दल का नेता प्रतिनिधित्व नहीं कर रहा है। अब आंदोलन में सुजानगढ़ तहसील का एक -एक व्यक्ति भाग ले रहा है।

**जत्थे बनाकर आंदोलन स्थल पहुंच रहे लोग:-** सुजानगढ़ शहर से लोग आंदोलन स्थल पर जत्थों के रूप में पहुंच रहे है। नगरपरिषद की नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच ने अपने समर्थकों के साथ डी.जे लेकर बोबासर पुलिया आंदोलन स्थल पहुंची। जहां पर उन्होंने आंदोलन का समर्थन करते हुए सरकार से जिले का हक लेने के लिये लडाई लडने की चेतावनी दी। इसी प्रकार चेम्बर ऑफ कॉमर्स के मंत्री प्रेमप्रकाश तूनवाल अपने साथ हजारों व्यापारी लेकर छापर तिराहे व बोबासर पुलिया एनएच 58 आंदोलन स्थल पहुंचकर जिले के लिये किये जा रहे आंदोलन का समर्थन दिया।

सुजानगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स सहित व्यापारियों ने कहा है कि जब तक जिले की मांग पूरी नहीं होगी तब तक लॉकडाउन की तर्ज पर सुजानगढ़ के बाजार बंद रखें जायेंगे। वहीं दूसरी और लगातार तीन दिनों से व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद होने से ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोगों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। फल व सब्जी मंडी के भी बंद होने के कारण सब्जी के लिये लोगों को भटकना पड़ा।

**आंदोलन स्थल पर उठ रही विधायक के इस्तीफे की मांग:-** सोमवार सवेरे सीएमआर में विधायक मनोज मेघवाल ने डेलीगेशन के साथ मुख्यमंत्री की मांग की। जिसमें ठोस आश्वासन नहीं मिलने के कारण क्षेत्र की जनता में और आक्रोश बढ गया। शहर के लोगों ने कहा कि विधायक मनोज मेघवाल अपने पद से इस्तीफा देकर सुजानगढ़ की जनता का साथ क्यों नही दे रहे है..? शेर सिंह भाटी, शाहीद खान, पूर्व सभापति बाबूलाल कुलदीप, एडवोकेट बनवारी बिजारणियां, गुरूदेव गोदारा सहित क्षेत्र के अनेकों लोगों ने सम्बोधित करते हुए विधायक से इस्तीफा मांगा।

**कांग्रेस पदाधिकारियों ने इस्तीफे दिये लेकिन सरकार के खिलाफ नहीं उठाई आवाज:-** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा जिलों की घोषणाएं की जाने के एक दिन बाद कांग्रेस की सभापति नीलोफर गौरी, उपसभापति अमित मारोठिया व क्षेत्र के अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों ने कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा तो दे दिया। लेकिन वे जनता के आंदोलन से दूरी बनायें हुये है। बोबासर पुलिया, छापर तिराहे आंदोलन स्थल पर आकर कांग्रेस व सरकार के खिलाफ किसी तरीके का बयान नहीं दिया है। जिस कारण यहां के लोगों ने उनका विरोध जताते हुए कहा कि चुनावी समय में इन नेताओं से बात की जायेगी। वंही भाजपा, आरएलपी इस मुद्दे को जमकर भुना रही है। विधायक व सरकार की नाकामियों को जनता के बीच में रखकर मौजूद भीड़ से तालियां बटोरी जा रही है।

## प्रस्तावित नीमकाथाना जिले में रींगस, खण्डेला को शामिल करने का विरोध

**रींगस,** (निसं)। प्रस्तावित नीमकाथाना जिले में रींगस तथा खण्डेला को शामिल करने का विरोध आज तीसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। तहसील कार्यालय के सामने पिछले तीन दिन से भाजपा का धरना प्रदर्शन जारी है। वहीं सोमवार को अन्य संगठनों ने भी इसका विरोध किया। इसके बाद माकपा ने अपने कार्यालय से रैली निकाल कर तहसील कार्यालय में तहसीलदार को ज्ञापन सौंप कर रींगस तथा खण्डेला को प्रस्तावित नीमकाथाना जिले में शामिल करने का विरोध जताया।

दोनों पार्टियों के धरने प्रदर्शन से जाम की स्थिति रही। जानकारी के अनुसार तहसील कार्यालय के सामने भाजपा कार्यकर्ता पूर्व चिकित्सा मंत्री बंशीधर खण्डेला के नेतृत्व में अनिश्चितकालितन धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। रविवार को झमाझम बारिश के बीच भी भाजपा कार्यकर्ता जुटे रहे। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि गहलोत सरकार में महोदव सिंह खण्डेला का कद काफी ऊंचा है इसके बावजूद रींगस तथा खण्डेला को प्रस्तावित नीमकाथाना में शामिल किया गया है। जब तक रींगस तथा खण्डेला को सीकर में यथावथ नहीं रखा जाता तब तक इसका विरोध जारी रहेगा।

वहीं कांग्रेस के प्रत्याशी रहे तथा कांग्रेस कमेठी के सदस्य सुभाष मील भी अपने समर्थकों के साथ धरने पर पहुंचे। तहसील कार्यालय से सटे नगर पालिका के सामने इनका का भी धरना प्रदर्शन हुआ। इसके बाद तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर दस दिन का समय देते हुए कहा कि यदि रींगस व खण्डेला को नीमकाथाना से अलग नहीं किया गया तो महापडाव डाला जायेगा, जिसमें प्रत्येक घर से एक एक सदस्य महापडाव में बैठेंगे। वहीं माकपा कार्यकर्ता भी अपने समर्थकों के साथ रैली के रूप में तहसील में पहुंचे तथा रींगस तथा खण्डेला को सीकर जिले में ही रखने की मांग की।

## सांभर को जिला बनाने के लिए जयपुर कूच का आव्हान

**सांभरझील,** (निसं)। दूदू के स्थान पर सांभर को जिला घोषित किए जाने की मांग को लेकर संघर्ष समिति के प्रमुख रणनीतिकार कुलदीप व्यास व संयोजक विवेक शर्मा के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन के तहत संघर्ष समिति की तरफ से 22 मार्च को जयपुर कूच किए जाने के लिए रणनीति को अंतिम रूप दिया गया।

इसके लिए सोमवार को अनेक ग्राम पंचायतों व घर-घर पीले चावल देकर जयपुर कूच करने के लिए न्यौता दिया गया। ग्राम पंचायतों में गठित टीम के सदस्य कपिल सोनी, हेमंत व्यास, एडवोकेट दिलीप प्रजापत, विजय सोनी, रामकिशोर साहू ने पीले चावल बांटकर लोगों से विनम्र आग्रह किया कि वे 22 मार्च को जयपुर कूच करने के लिए सांभर के पृथ्वीराज सर्किल पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं। बता दें कि सांभर को जिला बनाने की मांग को लेकर 48 घंटे का बंद का आव्हान मंगलवार को पूर्ण होगा। एसडीएम कोर्ट में आयोजित धरना स्थल पर रात्रि को राजेंद्र आसीवाल एवं उनकी टीम की ओर से मां शाकंभरी के भजनों की प्रस्तुति पेश कर अरदास की गई।

# मालपुरा को जिला नहीं बनाने पर 104 गांवों के लोगों ने आंदोलन की चेतावनी दी

- **कल्याण किसान सेवा समिति के बैनर तले लोगों ने सीएम के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा**
- **मालपुरा को जिला नहीं बनाये जाने से भड़की विरोध की चिंगारी अब गांव-ढाणी तक पहुंची**

**मालपुरा,** (निसं)। मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में 19 नये जिलों की कि गई घोषणा में मालपुरा को जिला नहीं बनाये जाने से भड़की विरोध की चिंगारी अब गांव-ढाणी तक पहुंच गई है।

सोमवार को कल्याण किसान सेवा समिति के बैनर तले उपखण्ड क्षेत्र के 104 गांवों के लोगों ने आदर्श नगर कार्यालय में आमसभा कर रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए कोर्ट परिसर पहुंच मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम महिपाल सिंह को ज्ञापन सौंप मालपुरा को जिला बनाये जाने की मांग की।

किसान सेवा समिति के प्रदेश पदाधिकारी कैलाश गुर्जर व मालपुरा ब्लॉक अध्यक्ष रामलाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एकत्रित 104 गांवों के महिला-पुरूषों ने दूदू ग्राम पंचायत को जिला बनाये जाने पर कड़ी नाराजगी जताई, साथ ही मालपुरा को दूदू अथवा केकडी में शामिल कर मालपुरा के मूल स्वरूप से छेड़छाड़ कर जनभावनाओं से खिलवाड़ किये जाने को किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं कर मालपुरा को ही जिला मुख्यालय बनाने की पुरजोर मांग की। प्रदर्शन व ज्ञापन के दौरान पुरूषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी शामिल होकर मालपुरा को जिला बनाने अथवा दूदू व केकडी में शामिल करने के बजाय टोंक जिले में ही यथावत रखे जाने की मांग की। वहीं दूसरी ओर युवा कांग्रेस नेता गोपाल गुर्जर ने मुख्यमंत्री गहलोत से क्षेत्र की जनभावनाओं से अवगत करवाने के लिए मिलने का समय मांगा है।

क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने किशनगढ़ विधायक सुरेश टांक, विधायक सुरेश रावत, विधायक गंगा देवी, विधायक निर्मल कुमावत, पूर्व संसदीय सचिव कैलाश वर्मा के साथ सीएम हाउस पहुंच मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा। सभी विधायकों ने एक स्वर में नवीन जिलों की घोषणा में जिला बनाने के मापदण्डों की अनदेखी कर दूदू को जिला बनाये जाने पर अपना विरोध दर्ज करवाये जाने व उनके क्षेत्रों को जिला बनाये जाने के लिए अपना पक्ष रखने की जानकारी दी है। मालपुरा को जिला बनाओ कोर कमेठी के बैनर तले महेश सेवा सदन में जनसभा के बाद आज मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जायेगा।

# जालोर जिले भर में बेमौसम बरसात से किसान मायूस

### जालोर जिलेभर में हुई बेमौसम बारिश से फसलों को काफी नुकसान

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिलेभर में हुई बेमौसम बारिश से फसलों को काफी नुकसान हुआ है। जिससें किसान चितिंत है। जालोर जिले के नारणावास पंचायत क्षेत्र के नारणावास, नया नारणावास व धवला में बीती रात बेमौसम वर्षा ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया।

- **किसानों ने बताया कि इसबगोल व जीरे की फसल में ज्यादा नुकसान हुआ है**

सोमवार को किसानों को साथ ले जाकर कृषि विभाग के राजेन्द्र मीणा व अन्य कर्मचारियों ने खेतों में वर्षा से हुई खराब फसलों का सर्वे किया ताकि वास्तविक खराबे का पता लग सके।

किसानों ने बताया कि इसबगोल व जीरे की फसल में ज्यादा नुकसान हुआ है। रविवार को शाम हुई बेमौसम वर्षा से किसानों के खेतों में बोई हुई इसबगोल व देसी जीरे की पक्की फसलों में काफी नुकसान हुआ है। किसानों बताया कि बेमौसम वर्षा होने से फसलों का लागत मूल्य भी मिलना मुश्किल है जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई हैं। मुंह आया निवाला हाथ से निकल गया इससे किसान काफी दु:खी हैं। वर्षा होने से बना बनाया खेल बिगड गया उनकी मेहनत पर पानी फिर गया है।



जालोर के निकट नारणावास में बेमौसम बारिश होने से फसलों को नुकसान हुआ।

## चूरू में 5.3 एम.एम. बारिश दर्ज

**चूरू,** (कासं)। चूरू में तेज बारिश ने मौसम की फिजाओं को बदल दिया। आज सुबह साढ़े आठ बजे तक 5.3 एम.एम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को यहां का अधिकतम 25.2 व न्यूनतम 16.4 डिग्री सेल्सियस तापमान व 5.3 एम.एम बारिश रिकॉर्ड की गई। आज यहां पर सुबह पांच बजे बाद अचानक तेज बोछारों के साथ बारिश का दौर शुरु हो गया। जो कि सुबह छह बजे बाद तक चला।

बारिश के बाद अनेक स्थानों पर बारिश का पानी नजर आने लगा। सुबह ग्यारह बजे तक सूर्य देव बादलों की ओट में छिपे रहे। इसके बाद करीब ढ़ाई बजे बाद सूर्य देवता ने पूरी तरह से दर्शन दिये। सुबह के समय लोग गर्म कपड़ों में लिपटे दिखाई दिये। मौसम में आये बदलाव के कारण सुबह के समय पूरे वातावरण में ठंडक घूली रही।

## बरसात ने बढ़ाई किसानों की चिन्ता

**बीदासर,** (निसं)। रविवार की शाम अचानक मौसम ने पलटा खाया तथा आसमान में गहरे बादल छा गये तथा रात्रि में 12 बजे बाद बिजलियाँ गरजने के साथ हल्की बरसात हुई। जिससे मौसम में ठण्डक घुल गई।

सोमवार की सुबह भी हल्की बूंदाबांदी का दौर जारी रहा। हल्की बरसात से लोगो को सर्दी का एहसास होने लगा तथा लोगों को सुबह सुबह गर्म कपड़े पहनने को मजबूर कर दिया। दिनभर आसमान में बादलों की आने जाने का क्रम जारी रहा। दोपहर तीन बजे बाद फिर हल्की बूंदाबांदी हुई। रात्रि में हुई हल्की बरसात से कस्बे के मुख्य मार्गो पर किचड़ ही कीचड़ हो गया। जिससे आमजन को परेशानीया हुई। बारिस ने किसानों के लिए चिन्ता बढ़ा दी है। खेतों में खड़ी पकी हुई फसल और कटी फसल खराब होने लगी है।

## करंट की चपेट से दो मादा पैंथर की मौत



मृत पैंथरों का वन विभाग की टीम ने नियमानुसार दाह संस्कार किया।

**देवगढ़,** (निसं)। थाना क्षेत्र की कुंदवा ग्राम पंचायत के बिलों की मंगरी के पास अपोलो माइंस के समीप से गुजर रही 11 केवी लाइन के तार टूटने पर दो मादा पैंथर चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत पर हो गई। वन अधिकारी कमलेश रावत ने बताया कि बीती रात्रि रविवार को तेज हवाओं के साथ देर रात्रि में कुंदवा ग्राम पंचायत के पास 11 केवी लाइन गुजर रही थी जिसके तार टूट जाने से उधर से गुजर रहे दो मादा पैंथर जो की चपेट में आ गए जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। अल सुबह ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तथा मादा पैंथरों के शव को अपने कब्जे में लेकर नीमझर नर्सरी पर ले गए जहां शवों का पोस्टमार्टम करवाकर नियमानुसार दाह संस्कार किया गया।

# बेमौसम की बारिश से गेंहू की फसल खतों में पसरी, भारी नुकसान की आशंका

### श्रीमहावीर जी क्षेत्र में ओले गिरने से फसल में नुकसान की आशंका

**हिण्डौन सिटी,** (कासं)। प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से गत दिवस देर शाम को एक बार फिर मौसम ने करवट ले ली और बेमौसम की बारिश से खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल भीगने से किसानों को मायूस कर दिया। कैलादेवी के पदयात्रियों के लिए लगाए चल रहे भण्डार भी प्रभावित हुए। इधर श्रीमहावीर जी क्षेत्र में ओले गिरने से फसल में नुकसान की आशंका है।

उल्लेखनीय है कि दोपहर बाद आसमान बादलों से अट गया। इसके बाद शाम करीब साढ़े चार बजे से हवा के झोकों के साथ बारिश का दौर शुरू हो गया। इससे राह में चल रहे पदयात्रियों में बारिश से बचने के लिए अफरा तफरी सी मच गई। शाम करीब 7 बजे बारिश थमने के बाद विद्युतापूर्ति बहाल की गई। गांव में करीब 20 मिनट तक कई दौर में ओले गिरे। तेज हवा के झोकों के साथ गिरे छोटे बड़े ओले से खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल भीग गई।

ग्रामीण मुकेश मीणा ने बताया कि ओलों से पेड़ों के पत्ते झड़ गए। कटकड़ सहित खेड़ा जमालपुर, सनेट, फैलीपुरा, कांचरौली, टोडुपुरा, रीठोली, गावडा मीणा, भमाडी, वझेडा, फुलवाडा, कुतकपुर, कारवाड़ में शाम को बारिश हुई। गांव शेरपुर हाडोली राराशाहपुर में तेज हवा के साथ भारी बरसात हुई एवं बरसात के साथ-साथ चना के बराबर ओले पड़े। ओलावृष्टि के कारण गेहूं की बाली टूट गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। युवा जाट समाज 84 के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम प्रकाश डगुर, रामनिवास डागुर, परशुराम डागुर, मनोज कुमार, सोनू शर्मा, भूरा जाट, सलीम अली, इमरान अली ने जिला कलेक्टर से मांग की है कि इन गांवों की गिरदावरी कराकर किसानों को मुआवजा हदया जावे ।

**करौली संवाददाता के अनुसार:-** क्षेत्र के लोगों ने वे मौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की फसल को हुए नुकसान का उचित मुआवजा देने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। सामाजिक कार्यकर्ता धर्म मीणा के नेतृत्व में रवीन्द्र जेरिया, सूनील माली, पिन्टू मीणा, अखलेश मीणा, लालाराम मीणा सहित कई अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर को ज्ञापन पेश कर बताया कि हाल ही प्रदेश में वे मौसम बारिश और ओलावृष्टि से किसानों की रवि की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है चाहे वह गेहूं,चना या सरसों सभी फसलों को भारी नुकसान देखने को मिल रहा है।

**मुआवजा दिलाने की मांग:-** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा भरतपुर द्वार भरतपुर जिले में बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि के कारण फसल नष्ट होने पर मुआवजे की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा भरतपुर के जिलाअध्यक्ष मोहन रारह के आव्हान पर जिला महामंत्री घनेश कासौट के नेतृत्व में किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर भरतपुर रतन कुमार को ज्ञापन सौपकर भरतपुर जिले में नष्ट हुई फसल की गिरदावरी करवा कर राज्य सरकार से किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की।

इस अवसर पर भाजपा नेता उदय सिंह, किसान मोर्चा के पूर्व कार्यसमिति सदस्य अमर सिंह फौजदार बरताई, जिला मंत्री बालो त्योंगा, भूरा उर्फ भूप सिंह, मण्डल अध्यक्ष मान सिंह दीवन हिसामडा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष गोविन्द सिंह, वीरेन्द्र सिंह, सरपंच तमरेर बच्चू सिंह आदि मौजूद रहे। बेमौसम बारिष व ओलावृश्टि से किसानों की फसलों को हुए भारी नुकसान का जायजा लेने के लिए पंचायत समिति सेवर क्षेत्र के गांवों जघीना, बिलौठी, धौरमुई, मोरोली कला, तुहिया, हथैनी, जाटौली रथभान, मडरपुर, पीपला, सुनारी, फुलवाडा, गांवडी, इकरन, उंदरा, बछामदी, चिकसाना, खैमरा, रूंध इकरन आदि ग्राम पंचायतों का दौरा किया गया तथा खराबे की गिरदावरी कराकर पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए किसानों का आश्वासन दिया गया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि सतीष सोगरवाल, उपखण्ड अधिकारी देवेन्द्र परमार, विकास अधिकारी डॉ. देवेन्द्र सिंह फौजदार, उपप्रधान ओमप्रकाष सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।


**सार्वजनिक सूचना**

मैसर्स रेज पॉवर एक्सपर्ट्स प्रा.लि., जिसका पंजीकृत कार्यालय-चतुर्थ मंजिल, श्री शील मोहर प्लाजा, युद्धिष्ठिर मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001 राजस्थान है। कम्पनी विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 164 के तहत बिजली के संचरण के लिए विद्युत लाइन या विद्युत संयंत्र लगाने के लिए या कार्यो के उचित समन्वय के लिए आवश्यक टेलीफोनिक या टेलीग्राफिक संचार के उद्देश्य से जो सरकार द्वारा स्थापति या अनुरक्षित टेलीग्राफ के प्रयोजन के लिए टेलीग्राफ लाईनों और पदों को रखने के संबंध में भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत टेलीग्राफ प्राधिकरण के पास है या स्थापित करने के लिए या बनाये रखने के लिए और सर्वेक्षण, निर्माण, स्थापना, निरीक्षण, निर्माण और अन्य कार्यो के बाद कमीशनिंग, संचालन, रख-रखाव और अन्य कार्यो के लिए निम्नलिखित ट्रांसमिशन योजनाओं के लिए भारत सरकार को सभी शक्तियाँ प्रदान करने के लिए आवेदन करना चाहती है :- (1) 40 मेगावाट के सौर ऊर्जा पार्क को सिंगल सर्किट ओ./एच.ट्रांसमिशन लाईन के साथ 132 केवी पूलिंग स्टेशन के माध्यम से 220 के.वी. जी.एस.एस. गजनेर बीकानेर से जोडा जाएगा। (2) 132 के.वी. सिंगल सर्किल ओ./एच. ट्रांसमिशन लाईन की रूट लम्बाई लगभग 02 किलोमीटर होगी। उपरोक्त बिजली निकासी/कनेक्टिविटी सिस्टम को बिजली अधिनियम, 2023 की धारा 68 (1) के तहत फाईल नम्बर-आर.आर.ई.सी./सोलर-II/रेज एक्सपर्ट्स/डी-राजकाज रेफरेंस नम्बर 3074503 दिनांक 02.02.2023 द्वारा स्वीकृति प्राप्त हुई है। योजना के तहत ट्रांसमिशन लाईने राजस्थान के निम्नालिखित गाँवों, कस्बों और शहरो के बीच से होकर गुजरेगी :-

| क्र.सं. | गाँव का नाम | तहसील/तालुक | जिला |
|---|---|---|---|
| 1 | सराह भियानीमानी | कोलायत | बीकानेर |

मार्ग सरेखण की प्रति कार्यालय में उपलब्ध है । आम जनता को एतदद्वारा इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से दो माह के भीतर प्रस्तावित पारेषण पर प्रेक्षण/ प्रतिवेदन नीचे लिखित प्रतिनिधित्व के कार्यालय में दे अधिक विवरण और स्पष्टीकरण के लिए कृपया सम्पर्क करें ।

नाम श्री दिनेश गुप्ता पद महाप्रबंधक
पता सी- 168 महेश नगर जयपुर, मो. नं. 9314187004